

## कीचड़ से पटी है राहे कैसे चले हम

**रतलाम.** शहर में शुरू हुई रिमझिम बारिश के चलते शहर की सड़कें कीचड़ से पट गई है, जिसके चलते दोपहिया वाहन चालकों पर अब खतरा मंडराने लगा है। दरअसल सड़क पर कीचड़ होने से पता ही नहीं चल रहा है कि आखिर स?क कहा है। वही कीचड़ से सनी यह स?कें चिकनी होने से इन पर दो पहिया वाहन चालकों के फिसलने का खतरा हर पल बना रहता है।

पत्रिका

पत्रिका 2/8/21

11

# रतलाम को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए केन्द्रीय मंत्री को विधायक ने लिखा पत्र

रतलाम। मुझे ज्ञात है कि रतलाम रेलवे का एक बडा जंक्शन है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है।

इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद है। मुझे आशा है कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुडेगा। इन शब्दों के साथ देश के नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने रतलाम में हवाई सेवा शुरू करने हेतु श्री काश्यप द्वारा किए गए अनुरोध को एयर लाइंस के साथ साझा करने की जानकारी भी दी। श्री सिंधिया ने पत्र में अपने मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से वार्ता करने के निर्देश देने की जानकारी भी दी है। विधायक ने बताया कि 16 जुलाई को उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पत्र सौंपा था। इसमें बताया गया था कि सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। एयर पोर्ट अथॉरिटी इन्दौर के दल द्वारा इस हेतु सर्वे भी किया गया है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रतलाम से उन्हें विशेष लगाव है वे इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

राज एक्सप्रेस 1/8/21

केन्द्रीय मंत्री सिंधि[illegible] विधायक काश्यप को पत्र

# आशा है की र[illegible]लाम शीघ्र ही हवाई मार्ग से जुड़े[illegible]

रतलाम । मुझे ज्ञात है कि रतलाम रेलवे का एक बड़ा जंक्शन है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद है। मुझे आशा है कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुडेगा। [illegible] साथ देश के नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप को प[illegible] उन्होंने रतलाम में हवाई सेवा शुरू कर[illegible] काश्यप द्वारा किए गए अनुरोध को एयर [illegible] सा करने की जानकारी भी दी। श्री सिंधिया [illegible] पत्र में अपने मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से वार्ता करने के निर्देश देने की जानकारी भी दी है। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि 16 जुलाई को उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पत्र सौंपा था इसमें बताया गया था कि सैलाना रोड़ स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। एयर पोर्ट अथॉरिटी इन्दौर के दल द्वारा इस हेतु सर्वे भी किया गया है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रतलाम से उन्हें विशेष लगाव है वे व्यक्तिगत रूचि लेकर इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

[illegible] 2/8/21

(16)

# पहले लॉकडाउन में सब्जियां पहुंचाने वालों का भाड़ा बाकी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सरकार के पास पैसा नहीं होने से 9 अप्रैल से 31 मई 2021 तक लगे लॉकडाउन में पहले तो सब्जियों के लिए लोग परेशान होते रहे। फिर जिला प्रशासन के आदेश पर ऑटो से सब्जियां पहुंचाई और ऑटो भी सब्जी विक्रेताओं की ही थे लेकिन यदि हम पिछले लॉकडाउन यानी 23 मार्च 2020 से लगे लॉकडाउन की बात करें तो उस दौरान जिला प्रशासन ने मैजिक के जरिए लोगों के घरों तक सब्जियां पहुंचाई थीं। इस काम में 62 मैजिक लगाई थी। लेकिन इनमें से आधी मैजिकों को ही भुगतान हो पाया है। आधे मैजिक चालकों को अब भी राशि का इंतजार है। किसी के दो तो किसी के पांच हजार रुपए बाकी है। मैजिक चालक

## मैजिक चालक आर्थिक परेशानी से गुजर रहे हैं

मैजिक यूनियन के अध्यक्ष अशोक पंचोली ने बताया कि बस चालकों के साथ ही हमारा भी सरकार पर पैसा लेना बाकी है। डेढ़ लाख रुपए के आसपास पिछले लॉकडाउन के दौरान लगाई मैजिक का बाकी है। कई बार इसको लेकर ज्ञापन दिए। लेकिन अब तक राशि नहीं मिल पाई है। दूसरी बार लॉकडाउन के बाद मैजिक भले ही शुरू हो गई है लेकिन सवारियां नहीं मिल रही हैं। ऐसे में यदि चालकों को भुगतान होता है तो राहत मिल सकती है।

कई बार जिला प्रशासन के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन अब तक राशि नहीं मिल पाई है।

भास्कर

दै. भास्कर 2/8/21

(22)

# बाल चिकित्सालय की वर्तमान बाउंड्रीवॉल को ही डिवाइडर का स्वरुप दिए जाए

## बाल चिकित्सालय क्षेत्र में चल रहे निर्माण के संबंध में समाजसेवी ने दिया कलेक्टर को सुझाव

रतलाम ● स्वदेश समाचार

बाल चिकित्सालय में चल रहे निर्माण कार्य के संदर्भ में समाजसेवी अनिल पेंडसे ने जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम को पत्र लिखकर सुझाव दिया है। श्री पेंडसे ने पत्र में सुझाव दिया कि बाल चिकित्सालय के पास से जीपीओ रोड से शास्त्री नगर कॉलोनी को जाने वाला मार्ग जो की अत्यंत संकरा हो गया है उसके चौड़ीकरण हेतु बाल चिकित्सालय की वर्तमान बाउंड्रीवॉल को ही रोड डिवाइडर का स्वरुप देते हुए, कम से कम तोड़फोड़ करते हुए, वर्तमान मार्ग की चौड़ाई के बराबर की चौड़ाई परिसर के अंदर की ओर बढ़ाई जाना चाहिए। इसी स्थान पर लगे पीपल के दो व एक अन्य वृक्ष को भी बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए रोड डिवाइडर मानकर ऐसे ही रखा जा सकता है। परिसर के अंदर बने रेडक्रॉस मेडिकल की दुकान व प्याऊ को भी एमसीएच परिसर के अंदर बनाने, नए उपहार गृह के पास स्थानांतरित किया जा सकता है। ऐसा करने से बाल चिकित्सालय के मुख्य भवन की दीवार को ही शास्त्री नगर मार्ग वाली साइड पर बनी बॉउंड्री मान कर, जीपीओ रोड की ओर आगे विस्तारित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एमसीएच का मुख्य द्वार ही बाल चिकित्सालय का मुख्य द्वार समझा जाना चाहिए। क्योंकि वहां पहले से ही व्यवस्थित पार्किंग और उपहार गृह, अधिक खुला परिसर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। कुछ वर्षों पूर्व तक बाल चिकित्सालय एकमात्र था, लेकिन वर्तमान में इससे लगा एमसीएच बन जाने से अब इन दोनों परिसरों को मिलाकर एक ही मानते हुए इनका एकमात्र प्रवेश मार्ग अर्थात एमसीएच मेन गेट ही होना चाहिए, हां साथ ही अत्यंत आवश्यक होने पर शास्त्री नगर वाले हिस्से में पैदल आने जाने हेतु छोटा गेट रखा जा सकता है। ऐसा करने से शास्त्री नगर को जोड़ने वाले मार्ग को टू-लेन जैसा स्वरुप दिया जा सकेगा। बाल चिकित्सालय के जीपीओ रोड़ साइड बने वर्तमान बाहरी प्रवेश द्वार के स्थान पर एक छोटा प्रवेश द्वार, लेफ्ट की ओर शिफ्ट किया जाकर इसकी शास्त्री नगर तिराहे से दूरी बढ़ाई जाने से कॉर्नर पर अक्सर होने वाली दुर्घटनाओं से नागरिकों को बचाया जा सकता है। जिस प्रकार से एसबीआई तिराहे पर फोरलेन की चौड़ाई बढ़ाने हेतु एसबीआई ने सहयोग कर, शहर हित में एक उत्कृष्ट, प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है उसी तरह संपूर्ण रतलाम शहर में शहर को वास्तविकता में स्मार्ट बनाने वाले सुझावों पर ध्यान देना होगा।

स्वदेश

स्वदेश 2/8/21

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का विधायक काश्यप को पत्र, रतलाम शीघ्र ही हवाई मार्ग से जुड़ेगा

रतलाम। मुझे ज्ञात है कि रतलाम रेलवे का एक बड़ा जंक्शन है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद है। मुझे आशा है कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुड़ेगा। इन शब्दों के साथ देश के नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने रतलाम में हवाई सेवा शुरू करने हेतु श्री काश्यप द्वारा किए गए अनुरोध को एयर लाइंस के साथ साझा करने की जानकारी भी दी। श्री सिंधिया ने पत्र में अपने मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से वार्ता करने के निर्देश देने की जानकारी भी दी है। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि 16 जुलाई को उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पत्र सौंपा था। इसमें बताया गया था कि सैलाना रोड़ स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। एयर पोर्ट अर्थारिटी इन्दौर के दल द्वारा इस हेतु सर्वे भी किया गया है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रतलाम से उन्हें विशेष लगाव है वे व्यक्तिगत रूचि लेकर इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

अग्रभारत 2/8 (2)

(14)

# राजीव नगर में लग रहे मोबाइल टॉवर का विरोध



रतलाम | राजीवनगर में मोबाइल टॉवर लगाया जा रहा है। इसका लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। लोगों ने सड़क पर आकर इसका विरोध जताया। लोगों का कहना है जहां टॉवर लगाया जा रहा है वो रहवासी क्षेत्र है और टॉवर के पास ही आंगनवाड़ी भी लगती है। जबकि आंगनवाड़ी के पास टॉवर नहीं लगना चाहिए। बावजूद इसके टॉवर लगाया जा रहा है। इससे इसका दुष्प्रभाव लोगों पर पड़ेगा। इसकी शिकायत लोगों ने जिला प्रशासन को भी की है। इस संबंध में सोमवार सुबह 11 बजे सभी रहवासी कलेक्टोरेट पहुंचेंगे और कलेक्टर को इसकी शिकायत कर मोबाइल टॉवर का काम रुकवाने की मांग करेंगे। इसके बाद भी कोई फैसला नहीं होता तो विरोध तेज करेंगे। भास्कर

दै. भास्कर 2/8/21

## गंदगी करने पर चार लोगों से जुर्माना वसूला

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी व स्पाट फाइन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर राठौड़ रेस्टोरेंट कालेज रोड से 500, गोपाल मौर्य पावर हाउस रोड, बद्रीलाल सैलाना बस स्टैंड व दिनेश हाट रोड से 250-250 रुपये का स्पाट फाइन वसूला गया। सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

## संत कंवरराम नगर में क्रीड़ा केंद्र का शुभारंभ

रतलाम। संत कंवरराम नगर में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष व विधायक चेतन्य काश्यप के आतिथ्य में क्रीड़ा केंद्र का उदघाटन हुआ। गया। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी व सिंधी समाज के अध्यक्ष हीरालाल करमचंदानी ने की। अतिथियों का सम्मान भी किया गया।

## पशुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर रखे पात्र

रतलाम। पशुओं को अफरा जैसे रोग से बचाने के लिए कामभारी ग्रुप द्वारा सैकड़ों सीमेंट के पात्र लगाने का मां कालिका माता मंदिर प्रांगण से शुभारंभ किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने पाकेट मनी और दान से एकत्रित राशि से सैकड़ों सीमेंट के पात्र बनवाकर लगाने का अभियान शुरुआत की।

नईदुनिया 2/8/21

## गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने का 6 पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम के अमले ने गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर कार्रवाई की। विभाग के अनुसार दल ने 6 लोगों पर जुर्माना लगाया। कलेक्टर एवं निगमायुक्त के निर्देश पर शहर में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की जा रही हैं। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और शहर को स्वच्छ रखने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत निगमायुक्त द्वारा ने निरीक्षण दल भी बनाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर अफजल गौशाला रोड पर 1000, राजेन्द्र तेजा नगर पर 750, कमल मोहन नगर पर 500, यादव रेस्टोरेंट, श्रीराम पान कार्नर डालू मोदी बाजार पर 250-250, राजू बरबड़ रोड पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान द्वारा की गई। नवभारत

नवभारत 2/8/21

## स्वच्छता पखवाड़े में पौधे लगाए

3। रतलाम, नप्र। खेतलपुर हनुमान मंदिर के पास पानी टंकी परिसर पर जनशिक्षण संस्थान ने पौधे लगाए। पूर्व पार्षद अनिता कटारा की मौजूदगी में जन शिक्षण संस्थान की अनुदेशिकाओं, खेतलपुर की

२०

### जिंदगी का सुरक्षा कवच : शहर में छह केंद्रों पर पहली डोज लगेगी

# आज जिले में 88 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन



आम्बा में वैक्सीनेशन सेंटर के बाहर लगी लोगों की लंबी कतार। ● नईदुनिया

नईदुनिया।

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** सोमवार को जिले में वैक्सीनेशन 88 केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें शहर के शिव नगर स्कूल, रेडक्रास भवन विरियाखेड़ी रोड, अशोकनगर जामिया सिम्रोल मदरसा, डीआरएम आफिस दो बत्ती, कश्यप सभागृह सागोद रोड, आनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड पर कोविशील्ड का पहली डोज लगाई जाएगी। अलकापुरी कम्युनिटी हाल और माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार केंद्रों पर दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशील्ड का दूसरा डोज, आइएमए हाल राजेंद्र नगर पर को-वैक्सीन दूसरा डोज, रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा एवं लायंस हाल केंद्र पर को-वैक्सीन का पहला डोज लगाया जाएगा।



**जिले में यहां होगा वैक्सीनेशन**

**सैलाना क्षेत्र :** ग्राम सुंडी, केलदा, बावड़ी, भामट, सैसर, दौलतपूरा, सोनगढ़, बसिन्द्रा, ठीकरिया, मकोडिया रुंडी, चावड़ाखेड़ी, भल्ला का माल, डूंगरा पुंजा, बड़ी खुर्द।

**रतलाम ग्रामीण :** ग्राम कांडरवासा, कुआंझागर, सिखेड़ी, धराड़, पलास, पलसोड़ी, सरवड़, रामपुरिया, राजपुरा, धामनोद।

**पिपलौदा क्षेत्र :** प्राथमिक विद्यालय अयाना, ग्राम पंचायत कंचनखेड़ी, बरगढ़, कंसेर, आंगनबाड़ी चौरासी बड़ायला, बड़ायला, सरवन।

**जावरा क्षेत्र :** ग्राम पंचायत लसूडिया जंगली, बरड़िया गोयल, शकरखेड़ी, सुजानपुरा, गड़ावदिया, कमलिया, भैसाना, मोयाखेड़ा, बटवाडिया, भूतेड़ा, हिंगोरिया ढांधु, बालक छात्रावास बड़ावदा, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, नगर पालिका टाउन हाल एक जावरा, आयुर्वेदिक हास्पिटल जावरा, भगत सिंह कालेज जावरा, टोल नाका पेट्रोल पंप जावरा, आंबेडकर भवन जावरा, मच्छी भवन जावरा।

**बाजना क्षेत्र-** ग्राम पंचायत जाम्बुखादन, छावनी भाभर, ठीकरिया, झारनिया, संदला, हेवड़ादामखुर्द, हालीवाड़ा भगोरा, चिकनी, बालक छात्रावास क्रमांक दो रावटी, ग्राम पंचायत जाबड़, घटलिया, नायन, कोटड़ा, अमली पाड़ा।

**आलोट क्षेत्र-** आंबेडकर भवन, शासकीय हाई स्कूल विक्रमगढ़ आलोट, नारायणी स्कूल, पोरवाल धर्मशाला ताल, गोपीनाथ मंदिर कम्युनिटी हाल ताल, आल ग्रेट पब्लिक स्कूल, शासकीय स्कूल पालनगरा, शासकीय स्कूल आक्या, शासकीय स्कूल एरवास, ग्राम पंचायत माधवपुर, आबू पुरा, भीम, दौलतगंज।

**आम्बा में टीकाकरण के लिए लगी कतार**

**आम्बा।** कोरोना की तीसरी लहर की दहशत लोगों में लगातार सुनने को मिल रही है, वहीं महाराष्ट्र सहित केरल में भी दस्तक देने के बाद अब वैक्सीन लगाने वालों की लंबी कतारे देखने को मिल रही है। कुछ दिनों पहले तक जहां लोग कोरोना की वैक्सीन लगवाने में झिझक रहे थे, वहीं अब वैक्सीन के लिए सेंटर के सामने लंबी-लंबी कतारें लग रही है। ग्राम के भारत भवन स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर 270 लोगों को टीके लगाए गए। कई लोग वैक्सीन के लिए सुबह छह बजे से ही कतारों में खड़े दिखे।

लंबे इंतजार के बाद लोगों को टीके लगे। केंद्र पर 250 टीके का लक्ष्य था, लेकिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और भीड़ ज्यादा होने के कारण विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई। पिपलौदा पुलिस सूचना मिलने पर केंद्र पहुंची। लोगों को समझाइश देकर शांतिपूर्ण तरीके से वैक्सीनेशन कराया गया। वैक्सीन लगवाने के लिए लोग भीगते हुए भी केंद्र के बाहर खड़े रहे। भीड़ होने के कारण शारीरिक दूरी का पालन नहीं हुआ, वही अधिकांश लोग बिना मास्क के ही खड़े नजर आए।

नईदुनिया। 2/8/21

शहर को संवारने के लिए विकास कार्यों ने पकड़ी गति

# 3.47 करोड़ की लागत से गाद निकाल बनाएंगे अमृत सागर संरक्षण की राह

पत्रिका बिग इश्यू



रतलाम. अमृत सागर तालाब की सूरत संवारने के लिए झील संरक्षण योजना के तहत गाद निकालने के लिए निगम प्रशासन ने निविदा बुलाई है। रतलाम शहर में विकास कार्यों के माध्यम से शहर की सूरत संवारने के लिए अधोसंरचनात्मक एवं धरोहर संरक्षण के साथ विभिन्न निर्माण कार्य भी शहर में शुरू होने के साथ ही गति पकड़ ली है।

अमृत सागर तालाब का राष्ट्रीय तालाब संरक्षण योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार कार्य 21 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस योजना के लिए कंसलटेंट नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। झील में जमी गाद निकालने के लिए 3.47 करोड़ की निविदा बुलाई है। जलकुंभी निकालने के लिए बीड हारवेस्टर मशीन क्रय संचालन एवं साधारण (10 वर्ष) के लिए 2.7 करोड़ की निविदा निकली है। मध्य प्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण भोपाल द्वारा इस योजना के लिए 4 करोड रुपए की राशि स्वीकृत होकर नगर निगम को प्राप्त हो गई है।

दूसरी ओर कैपिटल एक्सपेंडिचर के अंतर्गत राज्यों की विशेष सहायता अनुदान योजना में 34.61 करोड की लागत से शहर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। रोड मैप 2021-25 में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों में से 9 नगरीय क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। 26.66 किलोमीटर सड़कों का निर्माण प्रस्तावित तथा पुराने इंटकवेल,वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर मोटर पंप , विद्युत उपकरण के नवीनीकरण के कार्य प्रस्तावित हैं।

## जीआईएस मैपिंग तथा एमपीएचएस सर्वे

जीआईएस मैपिंग तथा एमपीएचएस सर्वे कार्य के लिए भी 98 लाख की निविदा प्रक्रियाधीन है।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड और स्टेडियम हो रहा तैयार

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ठोस अपशिष्ट का प्रसंस्करण 14.97 करोड़ की लागत से किया जाना है। इसकी भी निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया जारी है। प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले 100 एमटी कचरे के निपटान के लिए कार्य योजना पीपीपी मोड पर क्रियान्वित की जाना है। स्टेडियम में पवेलियन निर्माण कार्य 3.64 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, इसमें मुख्य भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेड का निर्माण कार्य शेष है।

प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में हनुमान ताल का सौन्दर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। 90 लाख से होने वाले कार्य के लिए द्वितीय निविदा प्रक्रियाधीन है। वेस्ट वियर एवं पाल का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत, वेस्ट वियर पर निर्मित पुल का चौड़ीकरण एवं बांध पालन किया जाएगा।

## निविदा प्राप्त हो चुकी है

सूरजमल जैन नगर में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं विकास मंडल से प्राप्त राशि से अधोसंरचनात्मक कार्य चल रहे हैं। 1.514 करोड़ की लागत की योजना में निविदा प्राप्त हो चुकी है और स्वीकृति की प्रचलित है। नगरीय विकास के पंचवर्षीय रोड मैप में उल्लेखित सड़कों का कार्य 123.53 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इसमें सिटी रिंग रोड का चौड़ीकरण एवं फोरलेन में परिवर्तन, मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण एवं फोरलेन में परिवर्तन, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत आंतरिक मार्गों का उन्नयन, पाइपलाइन एवं सीवरेज के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण तथा वर्तमान मार्गों पर पुलिया निर्माण का कार्य किया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका 2/8/21

(18)

अग्निबाण,

# हवाई मार्ग से जुड़ेगा रतलाम

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया का विधायक काश्यप को पत्र

रतलाम। मुझे ज्ञात है कि रतलाम रेलवे का एक बड़ा जंक्शन है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे भी रतलाम के नजदीक से गुजर रहा है। मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम भी रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र का विकास कर रहा है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए रतलाम में घरेलू विमान सेवा परिचालन हेतु पर्याप्त कारण मौजूद है। मुझे आशा है कि रतलाम शीघ्र हवाई मार्ग से जुड़ेगा। इन शब्दों के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शहर विधायक चेतन्य काश्यप को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने रतलाम में हवाई सेवा शुरू करने हेतु काश्यप द्वारा किए गए अनुरोध को एयर लाइंस के साथ साझा करने की जानकारी भी दी। सिंधिया ने पत्र में अपने मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से वार्ता करने के निर्देश देने की जानकारी भी दी है। विधायक काश्यप ने बताया कि 16 जुलाई को उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें रतलाम एयर स्ट्रीप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पत्र सौंपा था। इसमें बताया गया था कि सैलाना रोड स्थित बंजली हवाई पट्टी को एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जा सकता है। एयर पोर्ट अथॉरिटी इंदौर के दल द्वारा इस हेतु सर्वे भी किया गया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रतलाम से उन्हें विशेष लगाव है। वे व्यक्तिगत रुचि लेकर इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

अग्निबाण २/८/२१

# रतलाम को हवाई मार्ग से जोड़ने एयरलाइंस से बात होगी

### विधायक काश्यप के पत्र पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अधिकारियों को दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन के बाद रतलाम को हवाई मार्ग से जोड़ने की कोशिश भी तेज हो गई है। केबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसके लिए मंत्रालय के अधिकारियों को एयर लाइंस से बात करने के निर्देश दे दिए हैं। जल्द ही अफसरों की टीम एयरलाइंस के साथ बैठकर संभावनाओं की पड़ताल और सर्वे करके रतलाम को हवाई मार्ग से जोड़ने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे।

इसमें पहले घरेलू विमान सेवा का संचालन किया जाएगा। वजह, इससे विशेष निवेश क्षेत्र और एक्सप्रेस-वे के बाद उद्योगपतियों और समूहों के अधिकारियों को आने-जाने की सुविधा मिल जाएगी। विधायक चेतन्य काश्यप ने 16 जुलाई को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात कर बंजली स्थित एयरस्ट्रिप को क्षेत्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का लिखित सुझाव दिया था। इसमें बताया था कि एयरपोर्ट अथारिटी इंदौर का दल सर्वे भी कर चुका है। इस पर सिंधिया ने कार्रवाई शुरू कराते हुए विधायक काश्यप को पत्र लिखकर जानकारी भी दी है। इसमें नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा है कि वे व्यक्तिगत रुचि लेकर इस काम को आगे बढ़ाएंगे। भास्कर

दै. भास्कर २/८/२१

# इंतजाम में कमी नहीं रहे

## रतलाम शहर और रोजाना में अन्न उत्सव का बड़ा आयोजन

**रतलाम, नप्र।** अन्न उत्सव आयोजन इंतजाम में किसी तरह की कौताही नही बरती जाएं। सारी तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं। रतलाम शहर और जावरा के पास रोजाना गांव में गरिमामय आयोजन के साथ ही जिले में बड़े पैमाने पर आयोजन होंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि यह आयोजन पूरे प्रदेश का खास आयोजन है, जो पूरे देश में प्रतिनिधित्व करेगा इसलिए इसमें किसी तरह की कमी नही रहना चाहिए। जिले के एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और नगर नगर निकाय सीएमओं सहित संबंधित अधिकारियों से कहा कि राशन दुकानों पर ग्राहकों को राशन मुहैया कराने के लिए समुचित इंतजाम किया जाए। जिले के सभी राशन दुकानों को नियमित रूप से खोला जाकर सामान का भरपूर भंडारण रखा जाए। इस दिन राशन की सभी दुकानों पर बेहत्तर साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए दुकान पर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश संबंधितों को दिए। कार्यक्रम का टीवी पर प्रसारण होना है जिसे दिखाने के लिए राशन दुकानों पर टीवी सेट रखने को भी कहा गया। राशन दुकानों पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के फोटो भी जरूरी किए हैं। रतलाम शहर और जावरा के रोजाना में उत्सव के तहत बड़े आयोजन होना है इसलिए इन दोनों कार्यक्रमों को गरिमामय रूप से आयोजित किया जाए। नगर निगम आयुक्त और जावरा एसडीएम को आयोजन वाले स्थान पर सारे इंतजाम समय से पहले करने को कहा। एसडीएम जावरा से कहा कि रचनात्मक रूप से लोगों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचे इसलिए लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी दी जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, रतलाम ग्रामीण एसडीएम एम.एल. आर्य, जिला पूर्ति अधिकारी एच.एस. चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



प्रभातकिरण 1/8/21

(12)

#### केंद्र ने किया सतर्क कहा- नहीं सुधरे तो फिर से लागू होगा कोरोना लॉकडाउन

# 10 फीसदी से अधिक संक्रमण दर वाले जिलों में प्रतिबंध बढ़ाने पर विचार करें राज्य

**एजेंसी**, नई दिल्ली

कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए मामलों में बढ़तोरी और संक्रमण दर में बढ़ोतरी के बाद केंद्र सरकार ने प्रतिबंधों को फिर से लागू करने पर विचार करने के लिए कहा है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को 10 राज्यों के साथ एक हाई लेवल बैठक की। स्वास्थ्य सचिव ने केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, असम, मिजोरम, मेघालय, आंध्र प्रदेश और मणिपुर के प्रतिनिधियों से कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में 10 प्रतिशत से अधिक की पॉजिटिविटी रेट रिपोर्ट करने वाले सभी जिलों को सख्त प्रतिबंधों पर विचार करने की आवश्यकता है। मंत्रालय ने कहा कि इस स्तर पर किसी भी तरह की ढिलाई से इन जिलों में स्थिति बिगड़ सकती है। बैठक में मौजूद भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ.बलराम भार्गव ने कहा कि प्रतिदिन 40000 ने मामले के साथ समझौते करने की जरूरत नहीं है। भारत में लगभग 46 जिले 10 प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर रिपोर्ट कर रहे हैं और 53 जिले ऐसे हैं जो कि खतरे की ओर बढ़ रहे हैं। यहां संक्रमण दर 5 से 10 प्रतिशत के बीच है। कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए मंत्रालय की ओर से इन राज्यों को 4 बिंदुओं में दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## ■ केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने 10 राज्यों के प्रतिनिधियों से कहा-




## ■ 46 जिलों में संक्रमण दर 10 प्रतिशत से अधिक

### जांच बढ़ाएं और स्वास्थ्य ढांचा करें मजबूत

जिनमें पहला है कि जहां ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं वहां काबू करने के प्रयास किए जाए और निगरानी रखी जाए। दूसरी बात मामलों की मैपिंग की जाए और संपर्कियों का पता लगाना और नियंत्रण क्षेत्रों को परिभाषित करना है। तीसरा निर्देश ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और बाल चिकित्सा देखभाल पर ध्यान देना है। चौथा निर्देश है कि मौत पर नजर रखना और गणना करना। मंत्रालय ने कहा कि इन 10 राज्यों में 80 प्रतिशत से अधिक सक्रिय मामले होम आइसोलेशन में हैं। इन लोगों पर नजर रखने की जरूरत पर जोर देते हुए मंत्रालय ने कहा कि इन मरीजों की निगरानी के लिए समुदाय, गांव मोहल्ला, वार्ड आदि के स्तर पर स्थानीय निगरानी होनी चाहिए ताकि यह पता लग सके कि कहीं उनको अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत तो नहीं है।

### मप्र के शहरी क्षेत्रों में 10 तक बढ़ाया रात्रि कर्फ्यू

मध्यप्रदेश में रात का कर्फ्यू 10 अगस्त तक जारी रहेगा। गृह विभाग ने शनिवार को एक आदेश जारी करते हुए रात 11 से सुबह 6 बजे तक भोपाल समेत प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में कर्फ्यू की घोषणा की है। ग्रामीण क्षेत्रों से रात का कर्फ्यू पहले ही हटा दिया है। 19 जुलाई को सरकार ने रात्रि कर्फ्यू समेत अन्य प्रतिबंध 31 जुलाई तक रखने के आदेश दिए थे, अब यह अवधि 10 अगस्त तक बढ़ा दी है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने यह आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सभी कलेक्टरों को इसके निर्देश दिए हैं। सरकार ने धार्मिक स्थलों, जिम, सिनेमाघर आदि में लोगों की संख्या सीमित रखने को कहा है।

स्वदेश

स्वदेश 2/8/21

(२१)

**मौसम में ठंडक** • जिले में अब तक 19.21 इंच हो चुकी बारिश, पिछले साल से 3.74 इंच ज्यादा, जावरा में 27 इंच बारिश हो चुकी

# दिनभर कभी फुहार तो कभी बूंदाबांदी, आज भी बने रहेंगे आसार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में सावन के सेरे लगातार जारी है। सोमवार को सुबह से कभी बूंदाबांदी तो कभी फुहार होती रही। लगातार बारिश से मौसम में भी ठंडक हो गई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बारिश के आसार दो दिन बने हुए हैं।

जिले में अब तक 19.21 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले साल अब तक कुल 15.47 इंच ही बारिश हुई थी। अब तक 3.74 इंच बारिश ज्यादा हो चुकी है। इधर, रविवार सुबह 8 बजे तक जिले में औसत 4.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। आलोट में 3 मिमी, जावरा में 10 मिमी, ताल में 2 मिमी, पिपलौदा में 5 मिमी, बाजना में 3 मिमी, रतलाम में 3 मिमी, रावटी में 1.2 मिमी व सैलाना में 6 मिमी बारिश हुई। जिले की सामान्य बारिश 36.15 इंच है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आगामी 24 घंटे में बारिश के आसार बने हुए हैं।

**बड़ी राहत :** आलोट और बाजना को छोड़ जिले के सभी ब्लॉक पिछले साल से बारिश में आगे निकले



बारिश के बाद धोलावड़ में अब पानी की आवक खासी बढ़ गई है। हरियाली छाने से कुदरत ने खुशनुमा चादर ओढ़ ली है।

**ऐसी है ब्लॉक की स्थिति**

| ब्लॉक | बारिश |
|---|---|
| आलोट | 16.45 |
| जावरा | 27.04 |
| ताल | 23.26 |
| पिपलौदा | 16.89 |
| बाजना | 13.58 |
| रतलाम | 16.88 |
| रावटी | 17.25 |
| सैलाना | 22.36 |
| जिला | 19.21 |

(नोट - बारिश के आंकड़े इंच में। जिले की सामान्य बारिश अगस्त के पहले सप्ताह तक 17.91 इंच है।)

दै.भास्कर 2/8/21

(9)

# आज 88 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

**रतलाम.** कोविड वैक्सीनेशन के महा अभियान के तहत सोमवार को कोविड-19 का वैक्सीनेशन जिले के 88 केंद्रों पर किया जाएगा। 21400 लोगों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत शहर के 6 केंद्र पर कोविशिल्ड के पहले डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। शिव नगर स्कूल, रेडक्रॉस भवन वीरिया खेड़ी रोड, अशोकनगर जामिया सिमरोल मदरसा, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रोड, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ऑनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड परपहले डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल और माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार के केंद्रों पर कोविशिल्ड के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। न्यू कलेक्टरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशिल्ड के दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। आईएमए हॉल राजेंद्र नगर स्थित केंद्र पर को वैक्सीन के केवल दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

शहर में यहां भी होगा वैक्सीनेशनरतलाम शहर के रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा एवं लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पास के केंद्रों पर को वैक्सीन के पहले डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा। वहीं सैलाना क्षेत्र में ग्राम सुंडी, केलदा, बावड़ी, भामट, सौसर, दौलतपूरा, सोनगगढ़, बसिन्द्रा, ठीकरिया, मकोडिया रुंडी, चावड़ाखेड़ी, भल्ला का माल, डूंगरा पुंजा, बड़ी खुर्द में वैक्सीनेशन किया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका 2/8/21

# आज जिले में 88 केंद्रों पर कोविड टीकाकरण होगा

**रतलाम ●** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि जिले में सोमवार को कोविड-19 का टीकाकरण जिले के 88 केंद्रों पर किया जाएगा। रतलाम शहर के 6 केंद्र शिव नगर स्कूल, रेडक्रॉस भवन वीरिया खेड़ी रोड, अशोकनगर जामिया सिमरोल मदरसा, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रोड, काश्यप सभागृह सांगोद रोड, ऑनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड पर कोविशील्ड के पहले डोज का टीकाकरण किया जाएगा। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल और माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार के केंद्रों पर कोविशील्ड के केवल दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। न्यू कलेक्टरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशील्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। आईएमए हॉल राजेंद्र नगर स्थित केंद्र पर को-वैक्सीन के केवल दूसरे डोज का टीकाकरण किया जाएगा। शहर के रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा एवं लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पास के केंद्रों पर को-वैक्सीन के पहले डोज का टीकाकरण किया जाएगा। स्वदेश

स्वदेश 2/8/21

(19)

**वैक्सीनेशन** • इस महीने शहर में दूसरे डोज के लिए रहेगा फोकस, ग्रामीण में तेजी से लगाएंगे पहला टीका

# जुलाई में सबसे तेज वैक्सीनेशन, अगस्त में रफ्तार दोगुना करेंगे

## इस महीने रोज 20 हजार से ज्यादा वैक्सीन लगाने का लक्ष्य

**रतलाम शहर 80% वैक्सीनेटेड...**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे जिले में इस महीने वैक्सीनेशन ने तेजी से रफ्तार पकड़ी है। जुलाई महीना खत्म होने के साथ ही 80% शहरवासियों को कोरोना का पहला टीका लग गया है। अब शहर में पहला टीका लगवाने वालों की संख्या लगातार कम हो रही है। इधर अब अगस्त में रफ्तार दोगुना हो जाएगी, शहर को रोज 20 हजार से ज्यादा वैक्सीन मिलना शुरू हो गई है।

जिले में सबसे बेहतर स्थिति में रतलाम शहर है। सभी उम्र वर्ग में 82.33% लोगों को वैक्सीन लग गई है। शहर में 1.96 लाख लोग वैक्सीनेटेड हो चुके हैं। जुलाई के महीने में वैक्सीनेशन ने रफ्तार पकड़ी है। इस महीने जिले में 2,35,674 लोगों को टीके लगे। इधर, अब अगस्त के महीने में वैक्सीनेशन तेजी लाने की कवायद शुरू हो गई है। जिले में अब रोज 20 हजार से ज्यादा वैक्सीन मिलना शुरू हो चुकी है। 2 अगस्त को भी जिले में 21,400 लोगों को टीके लगाए जाएंगे। इधर अब शहर में पहला डोज लगवाने वालों की संख्या कम होना शुरू हो गई है। मुस्लिम क्षेत्र के लोग अभी वैक्सीन के लिए ज्यादा आ रहे हैं इसलिए अब मुस्लिम इलाकों में ही कैंप की संख्या बढ़ा दी है। जानकारों के मुताबिक अब अगस्त के महीने में दूसरे डोज लगाने पर फोकस रहेगा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन लगाने को लेकर जोर है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में अभी 30% तक ही वैक्सीनेशन हुआ है।



यह तस्वीर शेरानीपुरा जमातखाने की है। दो दिन पहले यहां रात 11 बजे तक वैक्सीनेशन चला। लोग आते रहे, वैक्सीन बाकी थी, स्टाफ ने टीके लगाए।

### शहर में जुलाई में ही 32.35% लोगों ने लगवा ली वैक्सीन




शहर में युवाओं ने तेजी से वैक्सीन लगवाई है। जुलाई में ही 32.35% लोगों ने वैक्सीन लगा ली है। जुलाई की शुरुआत में 18+ के शहर में 48.81 प्रतिशत लोगों को टीके लगे थे तो वहीं महीने के अंत तक 81.16% लोग वैक्सीनेटेड हो गए हैं। इधर, 45+ के सिर्फ 4.61% लोगों ने वैक्सीन लगवाई है। जुलाई महीने की शुरुआत तक कुल 77.76% लोगों को वैक्सीन लगी थी जो महीने के आखिरी तक 82.37 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लगी है। शहर में अब तक 62,134 लोगों को टीके लग गए हैं।

### दूसरा डोज जरूरी... क्योंकि 11.80% ने ही लगवाया टीका

इधर, अब कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज जरूरी है। सिर्फ शहर की बात की जाए तो 18+ में पहला डोज तो 81.16% लोगों को लग गया है पर दूसरा डोज सिर्फ 11.80% लोगों ने ही लगवाया है। ग्रामीण में दूसरे डोज की मशक्कत जारी है। एक भी ब्लॉक ऐसा नहीं है, जहां 18+ के 1% लोगों को टीके लग गए हैं।

### जिले में 88 केंद्रों पर आज होगा वैक्सीनेशन

- रतलाम जिले में सोमवार को 88 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।
- शहर में 6 केंद्र पर पहला डोज लगेगा। शिव नगर स्कूल, रेडक्रॉस भवन बिरियाखेड़ी रोड, अशोकनगर जामिया सिमरोल मदरसा, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रोड, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ऑनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड में कोविशील्ड का पहला टीका लगेगा।
- शहर के अलकापुरी कम्युनिटी हॉल और माहेश्वरी भवन कसारा बाजार के केंद्रों पर कोविशील्ड का दूसरा डोज लगेगा।
- न्यू कलेक्टोरेट में विदेश यात्रा करने वाले लोगों के लिए दूसरे डोज का वैक्सीनेशन किया जाएगा।
- आईएमए हॉल राजेंद्र नगर स्थित केंद्र पर को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगेगा।
- शहर के रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा व लायंस हॉल रिलायंस पेट्रोल पंप के पास के केंद्रों पर को-वैक्सीन के पहले डोज का वैक्सीनेशन होगा।

दै. भास्कर 2/8/21

# तीसरी लहर से बचाव के उपाय बताए




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की दूसरी लहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके समवैचारिक सेवाभारती व अन्य संगठनों के सेवा कर्म से कोई अनभिज्ञ नहीं है। अब देश दुनिया पर कोरोना की तीसरी लहर का भी संभावित खतरा मंडरा रहा है। जुलाई माह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चित्रकूट में आयोजित अखिल भारतीय बैठक में भी यह चर्चा हुई थी कि किस प्रकार खंड और मंडल स्तर पर गांव-गांव जाकर या शहरों के गली-मोहल्लों में जाकर संबंधित विषयों में स्वयंसेवक समाज में जाकर कोरोना से बचाव और सावधानी का प्रशिक्षण देंगे।

जिला प्रचार प्रमुख विवेक जायसवाल ने बताया कि शहर में संघ और इसके समवैचारिक संगठनों ने रविवार को काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें जिला सहकार्यवाह पवन जायसवाल ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। जनजाति कार्य प्रमुख विजेंद्र सिंह ने अभिभावकों विशेषकर माताओं के लिए विपदा काल में बच्चों के प्रति क्या जिम्मेदारी होना चाहिए और बच्चों में तीसरी लहर फैलने की आशंका, बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। रशेष राठौर ने आपदा काल में मास्क व भाप लेने के तरीके, कोरोना के त्वरित घरेलू उपचार के विषय में समझाया। इसी तरह आगामी दिनों में जावरा में भी प्रशिक्षण वर्ग लगाया जाएगा। नईदुनिया

नईदुनिया 2/8/21

(13)

कोरोना की तीसरी लहर की सतर्कता

# पहली बार बनी मास्क की दीवार

पत्रिका सोशल प्राइड



रतलाम. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद व मानव सेवा समिति के मार्गदर्शन में रक्त मित्र कचरू राठौड ग्राम पलसोडा के द्वारा ब्लड बैंक में मास्क की दीवार की शुरुआत की गई। निःशुल्क मास्क मिल सके और ब्लड बैंक संक्रमण मुक्त रह सके, इसी को ध्यान में रखकर प्रदेश कि पहली कि मास्क कि दीवार की शुरुआत रविवार को हुई है।

मानव सेवा समिति अध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार व मप्रजन अभियान परिषद के जिला समन्वय रत्नेश विजयवर्गीय के द्वारा शुरुआत करते हुए दीवार का महत्व बताया गया। मास्क की दीवार पर जिनको जरूरत है वे ले जा सकते हैं तथा जो भी व्यक्ति दान करना चाहते है संपर्क कर दान कर सकते है। उनके दान किये हुए मास्क दीवार पर लगाये जायेंगे यह दीवार निरंतर जारी रहेगी।

## चेन तोड़ने में सहायक

इस दौरान मुरलीवाला ने कहा कि मास्क की दीवार अभियान से संक्रमण कि चेन तोडने में महत्वपूर्ण साबित होगी। इससे अन्य लोग भी इससे प्रभावित होकर अपने अपने क्षेत्र में शुरू करेंगे। जन अभियान परिषद के विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से सभी अभियान सफल होते है और आज इसी दिशा में रक्त मित्र कचरू राठौड के सौजन्य से मास्क की दीवार शुरू हुई है।

## इससे मिली प्रेरणा

कचरू राठौड ने कहा कि मै और मेरा परिवार स्वयं कोरोना से संक्रमित रहे। इसके बाद ही मुझे मास्क का महत्व लगा। इस अवसर पर रक्त मित्र कचरू राठौड, परामर्शदाता अभिषेक चौरसिया, जितेंद्र राव, राकेश पांचाल, संजय पाटीदार, राजेश पाटीदार, आनंद पाटीदार, सुबालाल, आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका 2/8/21

15

**पहल** • लोगों को पशुओं की सेवा का अवसर मिलेगा, इसमें भोजन और पानी डाल सकेंगे शहरवासी

# पशुओं को अफरा रोग से बचाने के लिए युवाओं ने पॉकेट मनी से शहर के प्रमुख क्षेत्रों में लगाए सीमेंट के पात्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

गंदा और बासी भोजन खाने से पशुओं में अफरा रोग हो जाता है। पशुओं को इस रोग से बचाने के लिए युवाओं ने अनूठी पहल शुरू की है। इसमें युवा अपनी पॉकेट मनी से शहर के प्रमुख चौराहों पर सीमेंट के पात्र बनवाकर लगा रहे हैं ताकि लोग इनमें पानी भर सकें और भोजन भी डाल सकें। इससे पशु खाएंगे तो उन्हें रोग नहीं होगा।

जिन युवाओं ने पॉकेट मनी से राशि एकत्रित की वे युवा कामभारी मित्र मंडल के हैं। जनसेवा के लिए इन्होंने कामभारी मित्र मंडल बनाया और अब इसी की बैनर तले सामाजिक कार्य कर रहे हैं। युवाओं ने पॉकेट मनी के साथ ही जीवदया प्रेमी के दान से पहले राशि एकत्रित की और फिर सीमेंट के पात्र बनवाए। इसके बाद इन्हें शहर के प्रमुख क्षेत्रों में रखना शुरू किया है। इसे लगाने का काम कालिकामाता मंदिर परिसर से शुरू किया। ग्रुप के सदस्य ऐसे स्थानों पर पात्र लगाएंगे जहां इनका उपयोग हो सके। इस अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, एडवोकेट उमाकांत उपाध्याय, रक्त मित्र कचरू राठौड़, रूपेश शर्मा, भूमिका चौधरी, विकास शर्मा, गीतिका सेनी, अभिषेक सोनी, विजय राठौड़, तरुण पांचाल, जयेश परिहार, अजंली राठौड, देव डेट्टू, करण सिंह, शुभम सोनी, पायल पंवार, गोविंद व्यास, परामर्शदाता अभिषेक चौरसिया, जितेन्द्र राव, संजय पाटीदार सहित अन्य उपस्थित थे।



कालिकामाता मंदिर परिसर में सीमेंट के पात्र लगाने के लिए वाहन से उतारते युवा।

दै. भास्कर 2/8/21

# अमृत सागर से गाद और जलकुंभी निकालने के लिए टेंडर जारी



रतलाम का प्राचीन अमृत सागर तालाब। ● फाइल

### इस तरह से होगा काम

- तालाब से जलकुंभी समाप्त की जाएगी।
- तालाब की पाल को करीब 10 फीट चौड़ाकर बैठक व्यवस्था बेहतर की जाएगी।
- नालों के दूषित पानी का मार्ग भी परिवर्तित किया जाएगा।
- तलहटी से गाद, रेत व आसपास की गंदगी निकाली जाएगी।
- तालाब सुरक्षित करने के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण।

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय तालाब संरक्षण योजना के अंतर्गत शहर के अमृत सागर तालाब को नया स्वरूप देने के लिए 22.84 करोड़ रुपये की योजना पर काम शुरू हो गया है। इस योजना में कंसलटेंट नियुक्ति, तालाब में जमी गाद निकालने के लिए 3.47 करोड़ के टेंडर जारी हो गए हैं। तालाब में हर साल जमा होने वाली जलकुंभी निकालने के लिए वीड हारवेस्टर मशीन क्रय संचालन के लिए 2.7 करोड़ की निविदा जारी की गई है। टेंडर लेने वाली फर्म को 10 साल तक मशीन का संधारण भी करा पड़ेगा। राज्य वेटलैंड प्राधिकरण भोपाल द्वारा इस योजना के लिए 4 करोड़ रुपए की राशि नगर निगम को जारी की गई है।

मालूम हो कि शहर के बीच स्थित प्राचीन अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण को लेकर केंद्र की झील संरक्षण योजना में 22.84 करोड़ की लागत के प्रोजेक्ट को स्वीकृति व प्रथम किस्त के रूप में 6.85 करोड़ रुपये का अनुदान मिला था। पहले योजना की लागत करीब 40 करोड़ आंकी गई थी। तालाब 0.18 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें बोहरा बाखल तथा लक्कड़पीठा नाले का दूषित पानी मिलता है। गत एक-डेढ़ दशक से जलकुंभी की समस्या है।

कलेक्टर ने बताया कि कैपिटल एक्सपेंडिचर के अंतर्गत राज्यों की विशेष सहायता अनुदान योजना में 34.61 करोड़ की लागत से शहर में विकास कार्य किए जा रहे हैं। रोड मैप 2021-25 में नौ नगरीय क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

नईदुनिया

नईदुनिया 28/8/21

(17)

# रोज चक्कर काट रहे लेकिन नहीं मिल पा रहा राशन



राशन पाने के लिए लगी दुकान पर भीड़।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दीनदयालनगर स्थित राशन की दुकान पर 15 दिन से राशन नहीं मिल रहा है। दुकान पर मौजूद कर्मचारी ग्राहकों को हर बार एक ही जवाब दे रहा है कि दुकान शिफ्ट होने वाली है। आप अपना मोबाइल नंबर लिखवा दो। जैसे ही दुकान शिफ्ट होगी राशन मिल जाएगा। लेकिन 15 दिन बाद भी राशन नहीं दिया। पात्रता पर्ची के साथ दुकान पर राशन लेने आए प्रहलाद कुमार ने बताया कि 15 दिन से चक्कर लगा रहा हूं लेकिन अब तक राशन नहीं मिला है। मैं अकेला नहीं बल्कि 100 से ज्यादा लोग हैं, जिन्हें अब तक राशन नहीं मिला है। जिला प्रशासन हमें राशन दिलाए।

भास्कर

दै. भास्कर 2/8/21

**आमजन तो दूर, सरकारी अस्पताल में भी पानी की किल्लत हो रही**

# प्रशासक की चेतावनी के बाद भी नहीं सुधरी पेयजल वितरण व्यवस्था



रतलाम. शहर में प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा पेयजल वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए कड़ी चेतावनी बिते दिनों दी। नगर निगम के सहायक इंजीनियर एसपी आचार्य को निलंबित भी कर दिया। इसके बाद भी तीन दिन से शहर के कई मोहल्लों में पेयजल को लेकर परेशानी कायम है। नगर निगम शहर तो दूर जिला अस्पताल सहित महिला व शिशु रोग चिकित्सालय में भी पेयजल की आपुर्ति नहीं कर पा रहा है। यहां मरीजों व उनके परिजन को निजी स्त्रौत से पेयजल की जुगाड़ करना पड़ रही है।

बिते पांच साल की बात करें तो नगर निगम ने शहर के कई क्षेत्र में नई पेयजल टंकी से लेकर संपवेल को बनाया। इनको बनाने के बाद नई बनी कॉलोनियों में पेयजल का वितरण शुरू किया। यह कार्य करके निगम ने वाहवाही तो लूटी, लेकिन मैनेजमेंट करने में निगम का पेयजल विभाग असफल साबित हो रहा है। इन टंकी को भरने में लगने वाले समय का प्रमुख कारण बिजली की निरंतर सप्लाय का अभाव तो है ही इसके साथ साथ कभी सीवरेज तो कभी अन्य कारण से होने वाली सड़क की खुदाई में टूटने वाली बड़ी छोटी पेयजल की लाइन भी है।

बिजली कटौती से पेयजल टंकियां समय पर नहीं भर पाती है। इसके बाद भी तेजी से सभी कर्मचारी इसको सुधारने में लगे हुए है। **- शेख हनीफ,** कार्यपालन यंत्री नगर निगम

पत्रिका 2/4/21